Publication	Page No	Date
Punjab Kesari (Delhi)	10	07 December’11

हीरो इंडियन ओपन में 26 देशों की टीमें करेंगी संघर्ष

नई दिल्ली, (राजेन्द्र सजवान): महिला गोल्फ की आल टाइम ग्रेट लौरा डेविस हीरो महिला ओपन 2011 का आकर्षण रहेंगी जो कि 8 दिसम्बर को डीएलएफ गोल्फ क्लब गुड़गांव में खेला जाएगा। डेविस के अलावा स्वीडन की सोफी गुस्ताफसन, उभरती चैंपियन रुकी कैरोलिन हेडवाल, दक्षिण अफ्रीकी ली एन पेस और 2010 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली थाइलैंड की फातलुम पोरनोंग भी एक्शन में नजर आएंगी। अमरीका की क्रिस्टिना किम ने बताया कि हाल ही में इटैलियन ओपन जीतने के बाद उसके हौंसले ऊंचे हैं। वह दो पेशेवर खिताब जीत चुकी है। स्वीडन की चैम्पियन कैरोलिन, फातलुम और वेल्स की रेबेका ने कहा कि भारत में खेलना उनका सपना रहा है। सभी ने खिताब जीतने का दावा किया। भारतीय टीम में स्मृति मेहता, शर्मिला निकोलेट और नलिनी सिंह सिवाच जैसे नाम शामिल हैं। शर्मिला की राय में यूरोप में खेलने का उसे लाभ मिला है। मिशन ओलिम्पिक के लिए चुनी गई नलिनी सिंह नार्दन इंडिया और श्रीलंका ओपन जीत चुकी है। वेंकटेश्वर कालेज की छात्रा नलिनी का मनोबल ऊंचा है। 5वीं महिला डीएलएफ गोल्फ में कुल 26 देशों की खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगियों में हैंडबालबड़ी दावेदार है। लौरा डेविस और फातलुम की दावेदारी भी मानी जा रही है।

■ लौरा डेविस और सोफी गुस्तफासन रहेंगी आकर्षण का केन्द्र